SURYODAY
A BANK OF SMILES

7 जुलाई 2022

प्रति,
एमबीसी/ डिस्ट्रीब्यूटर्स/ सुपर डिस्ट्रीब्यूटर्स

विषय: फर्जी पासबुक

हाल ही में सुर्योदय स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड की जानकारी में आए घोटालों को ध्यान में रखते हुए, जहाँ धोखाधड़ी करने वाले सूर्योदय स्मॉल फाइनान्स बैंक के नाम पर फर्जी पासबुक प्रकाशित करते रहे हैं, सुर्योदय के सभी ग्राहकों और आम जनता के हित में जारी किया जाता है कि वे इस प्रकार के घोटालों से सावधान रहें और एक बार फिर दोहराया जाता है कि सुर्योदय स्मॉल फाइनान्स बैंक द्वारा किसी भी प्रकार का पासबुक भौतिक रूप में जारी नहीं किया जाता है।

बैंक के ग्राहकों और आम जनता को एतद द्वारा सतर्क किया जाता है कि धोखाधड़ी करने वालों के द्वारा विश्वसनीय दिखने वाले पासबुक जारी करने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों के उपयोग में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। कृपया ध्यान में रखें कि यह पासबुक असली नहीं हैं क्योंकि **"हम किसी भी प्रकार का पासबुक भौतिक रूप में जारी नहीं करते हैं"**। इसलिए आप सभी से हम आग्रह करते हैं कि आप इस बात को ध्यान में रखें और यदि आपको ऐसी किसी घटना की जानकारी मिलती है या ऐसी स्थिति से आपका सामना हो तो अत्यधिक सावधानी बरतें।

इसके प्रकाशित किए जाने या दुरूपयोग होने पर सुर्योदय स्मॉल फाइनान्स बैंक की कोई ज़िम्मेदारी नहीं होगी और इसके परिणाम स्वरूप होने वाली हानि या क्षति के लिए बैंक को ज़िम्मेदार नहीं ठहराया जा सकेगा। किसी भी व्यक्ति या संस्थाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी जो ऐसे घोटालों से जुड़े हुए हैं जिसमें अनुचित तरीके से सुर्योदय स्मॉल फाइनान्स बैंक का प्रतिनिधित्व करने का दावा किया जाता है और जो भारी संख्या में लोगों को धोखा देने का इरादा रखते हैं।

यदि आपको कोई प्रश्न पूछना हो तो कृपया हमारे ग्राहक सेवा प्रतिनिधि को कॉल करें और आपके सबसे करीबी शाखा/सेवा केंद्र में पहुँचें।।

सुर्योदय स्मॉल फाइनान्स बैंक लिमिटेड

पंजीकृत एवं कॉर्पोरेट कार्यालय: 1101 शारदा टेरेस, सेक्टर 11, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई - 400 614 | **टोल फ्री.:** 1800266 7711
ई-मेल: smile@suryodaybank.com | **वेब:** www.suryodaybank.com | **सीआईएन:** L65923MH2000PLC261472 | **जीईटीआईएन:** 27AAMCS5499J1ZG